(57)

# मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर

**MALAVIYA NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY JAIPUR**

**राजभाषा प्रकोष्ठ/Hindi Cell**

---

## हिंदी कार्यशाला का आयोजन

| | |
|---|---|
| **विषय** | : "कार्यालय पत्राचार में सरकारी पत्र एवं अर्ध सरकारी पत्र का अनुप्रयोग" |
| **आयोजक** | : राजभाषा प्रकोष्ठ, मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर |
| **तिथि** | : 08 अक्टूबर 2025 |
| **समय** | : प्रात: 10:30 बजे से सांय 05:00 बजे तक |
| **स्थान** | : बैठक कक्ष, केन्द्रीय पुस्तकालय, एमएनआईटी जयपुर |
| **मुख्य वक्ता** | : डॉ. राजेश कुमार मीणा, सहायक निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना, गृह मंत्रालय, जयपुर केंद्र। |

हिंदी कार्यशाला आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य राजभाषा हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करना तथा अधिकारीयों/कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने हेतु सक्षम बनाने के उद्देश्य से **08 अक्टूबर 2025** को राजभाषा प्रकोष्ठ, मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर के बैठक कक्ष, केन्द्रीय पुस्तकालय **एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला** का आयोजन किया गया। कार्यशाला विशेष रूप से **"कार्यालय पत्राचार में सरकारी पत्र एवं अर्ध सरकारी पत्र का अनुप्रयोग"** की प्रकिया पर केंद्रित थी, जो कार्यालय के दैनिक कार्यों में अत्यंत आवश्यक एवं उपयोगी है।

### प्रथम सत्र: उद्घाटन सत्र

कार्यशाला के प्रारंभ में **प्रो. राज कुमार व्यास, समन्वयक, राजभाषा, डॉ. ऋषि कुमार तिवारी, सह समन्वयक, राजभाषा एवं कुशाग्र चतुर्वेदी, राजभाषा अधिकारी, राजभाषा द्वारा प्रशिक्षक डॉ. राजेश कुमार मीणा, सहायक निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना, गृह मंत्रालय, जयपुर केंद्र** को फूलदान प्रदान कर राजभाषा प्रकोष्ठ की ओर से स्वागत किया गया।

कार्यशाला के आयोजन में प्रो. राज कुमार व्यास, समन्वयक, डॉ. ऋषि कुमार तिवारी, सह समन्वयक, एवं कुशाग्र चतुर्वेदी, राजभाषा अधिकारी, राजभाषा ने मार्गदर्शन प्रदान किया एवं हिंदी के प्रयोग को संस्थान के दैनिक कार्यप्रणाली में एकीकृत करने की दिशा में सुझाव प्रस्तुत किए।

### प्रशिक्षण सत्र:

मुख्य वक्ता डॉ. राजेश कुमार मीणा, द्वारा बताया गया की किस तरह से कार्यालय के कार्यों को हिंदी भाषा में किया जाता है। सरकारी पत्र व अर्ध सरकारी पत्र के बारे में विस्तारपूर्वक बताया कि पत्रों को किस तरह से हिंदी भाषा में लिखा जाता है व सरकारी पत्र व अर्ध सरकारी पत्र में समानता व असमानता के बारे में बताया तथा उन्होनें पत्रों की छोटी सी छोटी बरिकयों को बहुत ही

Scanned with OKEN Scanner

उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया तथा प्रतिभागियों ने भी बहुत ही उत्साह के साथ पत्रों के बारें में ध्यानपूर्वक समझाया। उन्होनें सभी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया तथा प्रतिभागियों ने भी बहुत ही उत्साह के साथ पत्रों के बारें में समझा।

**प्रमुख बिंदु जो कार्यशाला में सम्मिलित किये गये:**

- सरकारी पत्र
- अर्धसरकारी पत्र
- आदेश
- कार्यालय आदेश
- कार्यालय ज्ञापन
- परिपत्र
- कार्यालीय भाषा

**प्रतिभागियों की भागीदारी:**

इस कार्यशाला में एमएनआईटी के विभिन्न विभागों एवं अनुभागों से प्रशासनिक, तकनीकी ए । अन्य स्टाफ सदस्यों ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लिया तथा सरकारी पत्र एवं अर्ध सरकारी पत्र के बारे में बहुत ही ध्यानपूर्व । समझा।

| चतुर्थ हिंदी कार्यशाला - 2025 (08 अक्टूबर 2025) | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | आयोजन तिथी | महिला अधिकारी | पुरुष अधिकारी | कुल अधिकारी | महिला कर्मचारी | पुरुष कर्मचारी | कुल कर्मचारी | कुल प्रतिभागी |
| 1. | 08.10.2025 | 0 | 3 | 3 | 1 | 22 | 23 | 26 |

**समापन सत्र:**

कार्यशाला का समापन सांय 05:00 बजे हुआ। समापन सत्र में प्रतिभागियों ने कार्यशाला की उप ।गिता पर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। अत: में राजभाषा प्रकोष्ठ की ओर से धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। राजभाषा प्रकोष्ठ ने भविष्य में भी इस प्रकार की विषयवस्तु आधारित कार्यशालाओं के आयोजन का आश्वासन दिया।

**निष्कर्ष:**

यह कार्यशाला राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल थी। प्र ।भागियों को न केवल शासकीय लेखन में दक्षता प्राप्त हुई, बल्कि उनमें राजभाषा के प्रति संवेदनशीलता भी जागृत हुई। एमएनआईटी में इस प्रकार के गतिविधियाँ हिंदी के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।


या चित्र:





Scanned with OKEN Scanner

ाया चित्र:




केन्द्रीय पुस्तकालय
CENTRAL LIBRARY


केन्द्रीय पुस्तकालय
CENTRAL LIBRARY


राजभाषा प्रकोष्ठ
हिन्दी कार्यशाला

